**कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहनप्राधिकार, सारण, छपरा।**

**(Email id-rtasaranbihar@gmail.com)**

ज्ञापांक – 283 / दिनांक– 24 / 09 2025

**सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित आवेदक एवं आपत्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि *OGRAS* पोर्टल में तकनीकी समस्या होने के कारण विगत कुछ दिनों से शुल्क जमा नहीं हो पा रही है, जिस कारण अधिकतम आपत्तिकर्त्ताओं द्वारा बिना वांछित शुल्क के हीं आपत्ति दाखिल किया गया है, जिसको इस एजेण्डा में शामिल कर प्रकाशित करते हुए संबंधित वाहन स्वामियों को सूचित किया गया था कि वे बैठक की तिथि से पूर्व वांछित शुल्क जमा कर साक्ष्य कार्यालय को उपलब्ध करा देंगे, परन्तु प्राप्त आसूचना के अनुसार अभी भी *OGRAS* पोर्टल में तकनीकी समस्या आ रही है, जिस कारण अधिकतम वाहन स्वामियों द्वारा अबतक वांछित आपत्ति शुल्क जमा करने का साक्ष्य कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

उक्त के मद्देनजर आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, सारण, छपरा की अध्यक्षता में दिनांक–25.09.2025 को अप0 03.00 बजे से आहूत बैठक को अगले आदेश के लिए स्थगित किया जाता है। *OGRAS* पोर्टल का सुचारू रूप से कार्य करने की स्थिति में उक्त बैठक की तिथि निर्धारण की सूचना अलग से संसूचित की जायेगी।

अतः सभी संबंधित वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि *OGRAS* पोर्टल का सुचारू रूप से कार्य करने की स्थिति में आपके स्तर से देय वांछित शुल्क जमा कर उसका साक्ष्य कार्यलय को उपलब्ध करा देंगे। अन्यथा वांछित आपत्ति शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में उनका आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

(आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, सारण, छपरा के निदेशानुसार)

24/09/2025

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
सारण प्रमंडल, छपरा।